卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 218 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦15 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## उत्तराखण्ड को करेंगे अतिक्रमण मुक्त:धामी

### काशीपुर में भाजपा कार्यालय के भूमिपूजन के साथ करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

काशीपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा अर्चना के साथ भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन एवं चार विध ानसभाओं में 300 करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की लगन और मेहनत की बदौलत आज हमारी पार्टी विश्व की नंबर वन पार्टी है। इसके साथ ही विश्व का सबसे बड़ा नेतृत्व भी हमारे पास है।



ग्लोबल सर्वे में दुनिया के बड़े बड़े देशों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सबसे अधिक रेटिंग मिलती है। आज भाजपा ही एकमात्र संगठन है जिसका कार्यकर्ता बूथ और पन्ना स्तर पर मुस्तैद रहकर काम करता है। भाजपा का कार्यकर्ता सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि भारत को वैभवशाली बनाने के लिए काम करता है। भाजपा का सिद्धांत है कि सामान्य पोस्टर चिपकाने वाला कार्यकर्ता भी शीर्ष तक पहुंच सकता है। धामी ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय और व्यक्ति तृतीय की विचारधारा पर काम करती है। भाजपा को सर्वश्रेष्ठ बनाना ही भाजपा का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश नई उंचाईयों को प्राप्त कर रहा हैं। उत्तराखण्ड को भी नई पहचान मिल (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्यमंत्री से की काशीपुर को जिला बनाने की मांग

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन का एक शिष्ट मंडल उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चौधरी व सचिव प्रदीप चौहान के नेतृत्व में मिला और उन्हें काशीपुर जिला बनाने के संबंध में व सरकार द्वारा बढए गए भूमि के सर्किल रेटो को कम करने के संबंध में मिला और एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कि कहा गया कि काशीपुर जिले की मांग बहुत पुरानी है और काशीपुर जिला बनाओ के संबंध में काशीपुर का जनमानस विगत 50 वर्षों से संघर्ष कर रहा है आज जनमानस को बहुत खुशी हुई कि आप अपनी पार्टी के जिला कार्यालय का भूमि पूजन कर रहे हैं और इससे लगता है आपकी सरकार के द्वारा और आपकी पार्टी के द्वारा काशीपुर को जिले के रूप में मान लिया गया है केवल घोषणा बाकी है। आप से उम्मीद की जाती है कि आप शीघ्र ही काशीपुर को जिला घोषित करेंगे साथ ही बढ़ाए गए भूमि के सर्किल रेट को कम करने के विषय में भी शीघ्र अति शीघ्र निर्णय लेंगे । शिष्टमंडल में अध्यक्ष संजय चौधरी ,सचिव प्रदीप चौहान ,उप सचिव अनिल (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## विरोध के बीच दशकों पुरानी मजार ध्वस्त

रामनगर। सोमवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व एवं स्थानीय प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने वन भूमियों पर अवैध ध ार्मिक संरचना के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज के अंतर्गत आमडंडा बीट फूलताल ब्लाक कक्ष संख्या 7 में बनी दशकों पुरानी थपली बाबा की मजार को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। प्रशासन की इस कार्रवाई की भनक लगते ही भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए लेकिन मौके पर तैनात भारी पुलिस बल ने मजार में किसी को भी नहीं जाने दिया। बता दें कि यह मजार हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों की आस्था का केंद्र थी।



इस मजार पर उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश के कई इलाकों के श्रद्धालु दुआ करने के लिए आते थे। प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ लोगों ने आक्रोश जताते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की तो वही मौजूद लोगों द्वारा कार्रवाई के दौरान मुस्लिम समाज के इस मजार में रखें ग्रंथों के साथ की गई छेड़छाड़ पर आपत्ति जताते हुए हाईवे पर कुछ देर जाम लगाकर प्रदर्शन भी किया गया। मौके पर मौजूद एसडीएम गौरव चटवाल एवं कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने आक्रोशित लोगों को कार्रवाई के दौरान की गई वीडियोग्राफी मोबाइल से दिखाते हुए लगाए गए आरोपों को निराधार बताया आज भी इस मजार पर उत्तर प्रदेश के कई लोग दर्शन के लिए पहुंचे थे लेकिन उन्हें प्रशासनिक कार्रवाई के चलते बैरंग लौटना पड़ा मजार के मुजाविर अशरफ अली ने बताया कि यह मजार 140 वर्ष पुरानी है तथा वन विभाग और प्रशासन द्वारा उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई थी। फिलहाल प्रशासन की कार्रवाई के बाद लोगों में आक्रोश बना हुआ है तथा मजार के आसपास शांति व्यवस्था को लेकर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया हुआ है।

## चरस के साथ महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं कोतवाली पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध अभियान जारी रखते हुए एक महिला नशा तस्कर को अवैध चरस सहित गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में उसका पुत्र भी पूर्व में जेल जा चुका है। मामले का खुलासा करते हुए सीओ संगीता ने बताया कि क्षेत्र में नशे व अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक



कोतवाली लालकुआ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गत दिवस चौकिंग के दौरान कलावती देवी पत्नी स्व. त्रिलोक सिंह निवासी इन्द्रानगर बिन्दुखत्ता लालकुआ को इन्द्रानगर प्रथम लालकुओं में स्थित उसकी दुकान से 378 ग्राम (शेष पृष्ठ सात पर)

## ऑनलाईन जॉब के नाम पर दो लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑन लाईन जॉब देने के नाम पर एक युवक से करीब दो लाख रूपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने साईबर सेल में मामला दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। राहुल सिंह दफोटी पुत्र महिपाल सिंह निवासी ग्राम सुनेरा पोस्ट माल्ता थाना जिला बागेश्वर हाल निवासी नियर पुलिस लाईन थाना पन्तनगर ने कहा है कि 18 नवम्बर 2022 को उसने गूगल पर आनलाईन जॉब के लिये सर्च किया। जिस पर उनके द्वारा एक लिंक भेजा गया। जिस पर अपनी आईडी बनाने को कहा गया। आईडी बनाने पर एक प्रोडक्ट को प्रमोट करने के लिये कहा गया जिस पर मुझे 100 रुपये का बोनस मिला। राहुल का कहना है कि उसने और पैसे लगाकर पैसा कमाने की सोची । 18 नवम्बर 2022 से 11 फॅरवरी 2023 तक उसने कुल 2,00,420 रुपये अपनी आईडी पर प्रोडक्ट को प्रमोट करने (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार और होटल में छात्रा के साथ दुष्कर्म

### होटल संचालक समेत तीन गिरफ्तार

बाजपुर (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने मुखबिर की सूचना पर यहां एक होटल में औचक दबिश देकर रंगरेलियां मनाते नाबालिग छात्रा व उसके प्रेमी को पकड़ लिया। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने होटल संचालक सहित 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जबकि नाबालिग को एसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार यूनिट की प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्य को सूचना मिली कि क्षेत्र में केहलो होटल में कई समय से अनैतिक धंधा चल रहा है। जहां आए दिन नाबालिक स्कूली छात्राओं को लाया जाता है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री में चोरी के पार्ट्स बाहर फेंकते दो लोगों को पकडा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित अशोक लीलैन्ड कंपनी में रात्रि गश्त के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने दो युवकों को चोरी के पार्ट्स सहित पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दोनों युवकों अपने साथियों को अन्दर से पार्ट्स बाहर फेंक रहे थे। कंम्पनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर हरीश चन्द्रा पुत्र स्व. भैरव दत्त निवासी ग्राम छडैल सुयालए थाना मुखानी हल्द्वानी (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीबीएसई बोर्ड के टॉपर्स को किया सम्मानित




## सफलता के लिए समय का उचित प्रबंधन सबसे जरूरी: मेयर



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में मेयर रामपाल सिंह की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं परीक्षा में अपने अपने विद्यालय में टॉप-3 आने वाले विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेयर रामपाल सिंह और पार्षदों ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सम्मान पाकर मेधावी बच्चों के चेहरे खिल उठे। सम्मान समारोह में मेयर रामपाल सिंह ने सभी टॉपर्स को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी कड़ी मेहनत और चुनौतियों का सामना करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि चुनौतियों सामना करने से ही व्यक्तित्व मजबूत होता है। कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। लगन और मेहनत की बदौलत परीक्षार्थी टॉपर्स की सूची में जगह बनाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी भविष्य में भी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ईमानदारी से मेहनत करें। कम अंक आने से विचलित न हों तथा अपने प्रयास को जारी रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विषय के चयन में विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। गलत निर्णय से मुश्किलें बढ़ सकती हैं।सम्मानित होने वाले मेधावी दूसरों के लिए प्रेरणादायी हैं। इनसे प्रभावित होकर अन्य विद्यार्थी भी सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने मेधावियों से जीवन में कभी भी शॉर्टकट न अपनाने की अपील की। कहा कि जीवन में सफल होने के लिए, आपको लक्ष्य निर्धारित करने और उसके प्रति दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की आवश्यकता है। सफलता के लिए अपने समय का प्रबंध न करना जरूरी है इसलिए यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो समय प्रबंधन कौशल सीखें। सफलता आपके लक्ष्यों तक पहुंचने के प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है। आप सतत प्रयास करते रहें तो सफलता अवश्य मिलती है। मेयर ने कहा कि आपका संकल्प मजबूत है तो कोई भी बाधा आपको लक्ष्य हासिल करने से रोक नहीं सकती। मेयर ने कहा मेधावियों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के प्रति अन्य छात्र- छात्राओं को प्रोत्साहित करना है। जिससे वे भी बेहतर प्रदर्शन कर स्वयं, परिवार व जिले का नाम रोशन करें। सम्मान समारोह में आरएन स्कूल के 10वीं की टॉपर सूर्यांश यादव, हार्दिक सिंगला, अथर्व माथुर, दीपांशु कुमार, 12वीं की जपनीत कौर, आर्यन शर्मा, अमिशा रावत, होली चाइल्ड स्कूल के 10वीं के छात्रा आदित्य अधिकारी, भूमि अरोरा, नव्या ज्योति 12वीं के बंटी खुराना, जसमीत कौर, महक अग्रवाल, रेनबो स्कूल की 10वीं की छात्रा अनुष्का प्रजापति, आशीष कुमार गुप्ता, कुनाल रावत, 12वीं के अनिकेत स्वरूप श्रीवास्तव, जीविका सिंह, सृष्टि अग्रवाल, अमेनिटी स्कूल के 10वीं के छात्र माध्व अग्रवाल, प्रत्यक्ष श्रीवास्तव, विनायक बंसल, 12वीं के अर्चित गण्डा, जिया शर्मा, श्रेया दुबे, कोलम्बस स्कूल की 10वीं की छात्रा गौरी गगनेजा, कनिष्का मौर्या, महक आर्या 12वीं की खुशी थपलियाल, मानस मिश्रा, शालिनी मेहर, जेसीज की 10वीं की ज्योतिका सिंह, मिसबान नूरी, साक्षी रावत, तौफिका शाहीन, 12वीं के आर्यमान विज,निखिल कुमार, तनुश्री जोशी,डीपीएस स्कूल के 10वीं के आर्यन चौधरी, आर्यवीर सिंह रावत,सुहानी कक्कड़ 12वीं की किर्तन कौर संधू, कुहू खुग्गर, उन्नति सक्सेना, सेंटर मेरी के 10वीं के छात्र आर्यंत अग्रवाल, ओम तिवारी, स्तुति कार्की, 12वीं की पलक सिंह, तान्या अरोरा, उज्जवल जोशी, ऑक्सफोर्ड के 10वीं के छात्र अजय सिंह नेगी, निर्मल जीत कौर, यश यादव, 12वीं के ख्वाईश मिड्ढा, कुमकुम विश्वकर्मा, मान्या भट्ट आदि को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना,पार्षद आयुष तनेजा, रामकिशन कोली, बबलू सागर ,रणजीत सागर, सुशील चौहान, भुवन गुप्ता,विनय विश्वास,डॉ राकेश सिंह, राजेश जग्गा, शिव कुमार शिबू,नरेंद्र चौहान,राजेंद्र राठौड़,कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र प्रजापति ने किया ।

# मांगों को लेकर राज्य कर कर्मियों ने किया आंदोलन का ऐलान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वाणिज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन द्वारा प्रांतीय नेतृत्व में अपनी लंबित मांगों के समर्थन में नौ सूत्रीय मांगों को लेकर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया और मांग पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। गेट मीटिंग में वक्ताओ ने अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण रवैये पर रोष प्रकट किया। प्रदेश महामंत्री राकेश जखमोला ने गेट मीटिंग को सम्बोधित करते हुए बताया कि एकीकृत प्रणाली जीएसटी लागू होने के बाद आज तक कर्मचारियों का ढांचा नहीं बन पाया है जबकि कर्मचारियों की भारी कमी के बावजूद उच्च पदाधिकारियों द्वारा कोई प्रस्ताव शासन स्तपर पर प्रेषित नहीं किया गया। श्री जखमोला ने कहा कि शासन द्वारा घोषित शिथिलीकरण नियमावली से अभी कई कार्मिक वंचित हैं समय सीमा के कारण पदोन्नति हेतु पद रिक्त पड़े हुए हैं। इस दौरान वक्ताओं ने विभाग में स्थानांतरण नीति 2017 की सुगम दुर्गम



मानकीकरण से अलग कर समयबद्ध स्थानांतरण व्यवस्था लागू किए जाने की मांग की गयी। उन्होंने जीएसटी कार्यो को अपग्रेड किए जाने की दिशा में संशोधनो की कमी की बात करते हुए रोष प्रकट किया। बताया कि मांग पूरी न होने पर अगले चरण में 22 मई को काला फीता बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, शाखा मंत्री चन्द्रसेन, प्रदेश प्रवक्ता शेखर चुफाल, अरविंद राणा, रघुवीर सिंह, भगत सिंह खाती, मो. वसीम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम वर्मा, सवा रानी, किरन रावत, सुमन चुफाल, संगीता शाह, सुरेन्द्र कुमार, एजाज बेग, मोहित कुमार, सहित तमाम कर्मचारी मौजूद थे।

# देहरादून में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 'होम्योकॉन-2023' का शुभारंभ किया और होम्योपैथिक पर बनी डॉक्यूमेंट्री को लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने होम्योपैथी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुअल क्रिश्चियन हैनिमैन का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने होम्योपैथी के रूप में एक ऐसी उपचार पद्धति विकसित की, जो अत्यंत कारगर होने के साथ साथ किफायती भी थी। उन्होंने कहा कि शरीर ही सारे कर्तव्यों को पूर्ण करने का एकमात्र साधन है। शरीर की रक्षा करना और उसे निरोगी बनाये रखना मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य है। यदि मनुष्य निरोगी होगा तो, वह जीवन में सब कुछ कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में पारम्परिक चिकित्सा प्रणाली को बढावा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2014 में पृथक से आयुष मंत्रालय का गठन किया था। राज्य सरकार प्रदेश में आयुष चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि को एक महत्वपूर्ण आयुष प्रदेश के रूप में स्थापित करने हेतु कृत संकल्पित है। उत्तराखण्ड जैसे विषम भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य में आयुष और विशेष रूप से किफायती और कारगर होने के कारण होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की महत्ता और बढ़ जाती है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे, सचिव आयुष एवं आयुष शिक्षा डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, कुलपति दून विश्व विद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, निदेशक होम्योपैथिक डॉ. जे.एल. फिरमाल, डॉ. रामजी सिंह, डॉ. नितीष दुबे एवं होम्यो पैथी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित थे।



# समस्याओं को लेकर मेयर का पुतला फूंका

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास में खस्ताहाल सड़क, बदहाल सफाई व्यवस्था, जलभराव, पार्को की दुर्दशा सहित कई समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन के बीच मेयर रामपाल सिंह का पुतला फूंका और समस्याओं के निराकरण की पुरजोर मांग की। शिव मंदिर के पास अशोक चोपड़ा के प्रतिष्ठान के सामने एकत्र हुए कांग्रेसियों ने मेयर रामपाल सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि महानगर का वीआईपी क्षेत्र माने जाने वाले आवास विकास में व्यवस्थायें बदहाल हैं। लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नसीब नहीं हो पा रही है। मुख्य मार्ग के साथ साथ कालोनी के अंदर की सड़कों की हालत बहुत खराब हो चुकी है जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कतों ता सामना करना पड़ रहा है। जगह जगह गंदगी का अम्बार है। हजारों लोगों की आस्था के केन्द्र शिव मंदिर के आस पास भी सफाई दुरूस्त नहीं है। आवास विकास में कूड़े की गाड़ी भी नियमित रूप से नहीं आ रही। जगह जगह जलभराव के चलते संक्रामक रोग फैल रहे हैं। नगर निगम ने पार्को की हरियाली खत्म करके उन्हें कंकरीट के ढेर में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते आवास विकास क्षेत्र में वाटर लेवल लगातार डाउन होता जा रहा है। समरसिबल भी फेल होते जा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि वीआईपी क्षेत्र की हालत जब ऐसी है तो अन्य बस्तियों की हालत क्या होगी यह सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आवास विकास की दुर्दशा को लेकर मेयर, विधायक, पार्षद सब मौन साधे हुए हैं। ट्रिल इंजन की सरकार के तीनों इंजन विकास में फेल साबित हो रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि आवास विकास को समस्याओं से निजात नई दिलायी गयी तो बड़ा आंदोलन चलाया जायेगा। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आवास विकास का रजिस्ट्री कार्यालय रूद्रपुर से जसपुर शिफ्ट कर दिया गया है जिसके चलते यहां रहने वाले लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं आये दिन एनओसी के नाम पर कालोनीवासियों के साथ लूट खसोट की जा रही है। इसके खिलाफ भी लड़ाई लड़ी जायेगी। पुतला फुंकने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, सुनील आर्य, इदरीश गौला, सतीश राजपूत नितिन रस्तौगी, जौनी कौशिक, अशोक चोपड़ा, रविन्द्र, इमरान खान, अरशद, नरेश , राजू, सरोज रानी, आकाश रस्तौगी, विक्रम सिंह, आदि सहित कई लोग मौजूद थे।



# मातृ शक्ति सम्मान दिवस पर माताओं को किया सम्मानित

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। एशियन स्कूल संस्थान पिथौरागढ़ में मातृ शक्ति सम्मान दिवस मनाया गया,सम्मान दिवस का उदघाट्न जिपं अध्यक्ष दीपिका बोरा ने किया, वही मातृ दिवस के बारे में माँ विभिन्न स्वरूपों, माँ की ममता,अपने बच्चों के प्रति ममता वात्सल्य, और बच्चों को जीवन का मार्ग प्रसस्त करने वाली प्रतिमूर्ति बताया, इस अवसर पर मातृ अभिभावकों के मध्य एकल




गायन, एकल नृत्य, पहाड़ी परिधान, कविता पाठ विषयो पर प्रतियोगिता हुई सैंकड़ों मातृ अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष दीपिका बोरा नेसभी माताओं को अपना आशीष बचन दिया,वही शिक्षण के क्षेत्र में विद्यार्थियों को कुशल शिक्षण व्यवस्था देने का प्रमुख केंद्र बताया,सभी प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित कर के सभी माताओं को प्रीतिभोज करवाया।इस दौरान विद्यालय परिवार के शिक्षक,अभिवावक और छात्र मौजूद रहे।

# 50 लोगों को दिए गये गोल्डन गिल्ड अवार्ड





## फिल्मों के खलनायक गुलशन ग्रोवर ने जीता दूनवासियों का दिल, फिल्म अभिनेता रजा मुराद ने हरलीन कौर को बताया महिला सशक्तिकरण का प्रतीक

देहरादून (उद संवाददाता)। बॉलीवुड के खलनायक गुलशन ग्रोवर ने दूनवासियों का दिल जीत लिया। भाऊवाला के एक रिजार्ट में आयोजित समारोह में उन्होंने अपने कई फिल्मी डायलाग सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को गोल्डन गिल्ड अवार्ड 2023 दिये। इस कार्यक्रम का आयोजन हीलिंग ऊर्जा इंस्टीट्यूट ऑफ कास्मिक साइंस की संस्थापक हरलीन कौर ने किया। फिल्म अभिनेता रजा मुराद ने अपने वीडियो संदेश में हरलीन कौर की सराहना की और उन्हें महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्थान की संस्थापक हरलीन कौर ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। गोल्डन गिल्ड अवाड्र्स ऑफ द ईयर 2023 के नाम से भव्य अवार्ड शो का आयोजन आज देहरादून के अतुल्यम रिसोर्ट भाऊवाला में किया गया। यह शो हीलिंग ऊर्जा इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्मिक साइंसेज देहरादून द्वारा आयोजित किया गया था और प्राइड हेल्थ एंड वेलनेस सोसाइटी (पंजीकृत) द्वारा समर्थित था। प्राइड की अध्यक्ष डॉ हरलीन कौर ने प्रेस को बताया कि पुरस्कार समर्पण प्रेरणा




और पुरस्कार पाने वाले के लिए गर्व का प्रतीक हैं। जिन लोगों को सम्मानित किया जाता है, उनके खुश चेहरों और अंत में खुश परिवारों को देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। और अपनी प्रतिभा को पहचानना एक सम्मान है। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने दीप प्रज्वलित कर की। उनके साथ डॉ. एच.एस. रावत (धर्मगुरु), डॉ. हरलीन कौर (प्रेसीडेंट प्राइड), सुखराम (विधायक पांवटा साहिब), प्रीति गुप्ता (निदेशक एचआईडीएस), जीएस चीमा (एसडीएम पांवटा साहिब), एसएचओ पांवटा साहिब और निर्मल कौर (प्रेसीडेंट एमसी पांवटा)। तत्पश्चात राइजिंग स्टार संस्थान देहरादून के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की गई। इन छात्रों ने अपने शिक्षक गुलाल शर्मा के मार्गदर्शन में समारोह के दौरान कई अन्य प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता गुनमीत बिंद्रा, श्रवण वर्मा अतुल्यम्म रिजॉर्ट, सुमित रंजन ज्योतिषी, माधवी कोलेकर टैरो रीडर, प्रीति साइकिक रीडर, अंबुज टैरो रीडर, सोनम सिंह और श्रिया पांडे टैरो रीडर, मुकेश गुलाटी और पवन कुमार यादव एंटरप्रेन्योर, वैखोम रोशनी देवी, विप्लव प्रशांत कराटे ब्लैक बेल्ट, सुमन गुलिया, रितु तिवारी, सिमरन मल्होत्रा, परमजीत कौर, हरविंदर कौर, आशु निजाम, सौम्या करुणाकरण, नंदिता शर्मा, रवि प्रकाश शर्मा सेलिब्रिटी कवि, रंजन तोमर आरटीआई कार्यकर्ता, अनुप्रिया गुप्ता आरोग्यकर्मी, सुनिष्ठा सिंह जीवन कोच, रंजन सोनी, नवजोत कौर, नर्तकी गुलाल शर्मा, दविंदर साहनी शिक्षाविद, यथार्थ गुप्ता, योगेश सपरा फैशन, जसविंदर सिंह (अध्यक्ष पुरस्कार विजेता) डॉ. जगविंदर सिंह और रोमा पेरिवाल अंकशास्त्री, शिवानी प्रजापति मेकअप आर्टिस्ट, निखिल कपिल फोटोग्राफर, डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. चिकित्सक वर्ग में मंजीत कौर व डॉ जसलीन, जगमोहन सिंह महाजन शिक्षाविद, आचार्य सुशांत राज, आचार्य बृजभूषण, कृष्णा वर्मा, नदीम, विपनजोत सहदेवा, आचार्य पीपीएस राणा, शशांक गोयल (चार्टर्ड अकाउंटेंट), शहजादा फैशन डिजाइनर, जीशान, विशाल बंसल सामाजिक कार्यकर्ता , प्रगति कंटेंट राइटर और योगेश सोनी पत्रकार आदि मौजूद रहे।

**इन्हे मिला वर्ष 2023 का गोल्डन गिल्ड अवाड्र्स :** साल 2023 के गोल्डन गिल्ड पुरस्कार एक जूरी द्वारा जांच और चयन के बाद कई श्रेणियों में दिए गए। डॉक्टर, ज्योतिषी, टैरो कार्ड रीडर, फैशन हाउस, संगीत, सामाजिक कार्यकर्ता, मेकअप आर्टिस्ट, मीडिया, पत्रकार, शिक्षाविद्, उद्यमी और कई अन्य श्रेणियों में पूरे भारत के लगभग 50 पुरस्कार विजेताओं को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार बॉलीवुड सेलिब्रिटी गुलशन ग्रोवर, डॉ हरलीन कौर (सेलिब्रिटी टैरो रीडर) और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सौंपे गए।

# मां का आंचल कार्यक्रम में महिलाओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मातृ दिवस के उपलक्ष में महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की टीम ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नाम था 'माँ का आंचल' इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेयर




रामपाल की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू रामपाल रही। उन्होंने सभी महिलाओं को मातृदिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्षता डॉ उषा नरेंद्र जैन ने कार्यक्रम में आई हुई सभी महिलाओं को मालायें पहनाकर स्वागत किया और साथ कि महिलाओं ने अपनी विशेष परफॉर्मेंस भी दी। माँ का आँचल कार्यक्रम में अपनी माँ को याद करते हुऐ बचपन के उन पलों को याद करते हुऐ, किसी ने कविता सुनाकर किसी ने गाना गाकर सभी को भावुक कर दिया समिति की अध्यक्षता ने सभी को शुभकामनाएं देते हुये कहा एक माँ बच्चों की सबसे बड़ी गुरु होती है। हम सब आज एक प्रण ले जीवन में अपने घर को हमेशा पॉजिटिव रखते हुये, अपने बच्चों को कामयाबी के संस्कार देंगे,दुनियां की बेस्ट माँ बनेंगे। इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर शुभकामनाएं दी।इस कार्यक्रम में हेमा वर्मा, श्रीमती राधा सुभाष,कविता रावत,सीता सुनील चौरसिया,सुमन देवी,अनीता देवी,नीरमती देवी, रानी कश्यप, मनजीत कौर,स्वेता,दुर्गा यादव,रूपा देवी ,शीतल सिंह, कैलाशो देवी, प्रेमा देवी, रेनू सिंह, पार्वती देवी, रेखा श्रीवास्तव, धन देवी, विमला दीपक कुमार, सुमन नेगी, रमा बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# सीबीएसई बोर्ड में चमकी क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल की प्रतिभाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम देकर नगर में अपना कीर्तिमान स्थापित किया। कक्षा बारह के वंश कुमार अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉप किया है।वंश कुमार अग्रवाल ने एकॉउन्टस में 100 अंक, फिजिकल एजुकेशन में 97 अंक, अंग्रेजी एवं गणित में 98 अंक हासिल किए वहीं मनिका गोयल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मनिका ने चित्रकला एवं इकोनॉमिक्स में 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए। युवा सुखीजा ने इकोनॉमिक्स एवं फिजिकल एजुकेशन में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रियजनों को गौरवान्वित अनुभव कराया। प्राची बिष्ट ने चित्रकला विषय में रुझान लेते हुए 97 अंक लेकर अपनी अनुपम पहचान बनाई । अर्णव पाल ने सूझ-बूझ से काम लेते हुए 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा दस के विद्यार्थियों का भी आज विद्यालय को ऊँचाइयों पर ले जाने का स्वप्न साकार हुआ। इस सत्र का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।कक्षा दस की छात्रा ऋद्धि जैन आत्मविश्वास के बल पर 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्रिमसन वर्ल्ड स्कूल को बुलंदियों पर पहुँचाने में सफल



रही वहीं भव्या पटेल ने भी अपने अथक प्रयासों से 96 प्रतिशत लाकर एक आदर्श प्रस्तुत किया।सिमरन कौर ने अद्भुत प्रतिभा का परिचय देते हुए 92. 2 प्रतिशत अंक हासिल किए। नमन अग्रवाल एवं अगम प्रताप सिंह ने 91. 4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया।जैस्मीन कौर गोरैया ने 90. 4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं माता -पिता का नाम रौशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य राजेश कुमार कृष्णन ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की एवं बच्चों के भविष्य को दिन प्रतिदिन उज्ज्वल बनाने का प्रण लिया।

# सुचेतना समाज सेवा संस्था ने मनाया मातृ दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सुचेतना समाज सेवा संस्था की ओर से रुद्रपुर के गांव जयनगर 2 और 3 में बच्चों और



माताओं के साथ मातृ दिवस मनाया गया जिसमें गांव की महिलाओं को तिलक लगाकर फूलों की बौछार कर कर तथा केक कटवा कर मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी साथ में ही माताओं को और बच्चों को आदर सम्मान की बातें बताई गई सुचेतना समाजसेविका सपना द्वारा महिलाओं को समझाया गया कि बच्चों को शिक्षा और अन्य समाज की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सपोर्ट करें बच्चों की हर एक्टिविटी में मां-बाप का पूरा सहयोग हो बच्चों को सिखाया कि हमेशा अपने मां-बाप का सम्मान करें उनके आशीर्वाद से आपके जीवन की तरक्की होगी गांव की महिलाओं को समझाया गया कि अपने बच्चों को कभी भी गाली ना दें और जब भी कोई प्रोग्राम होता है बच्चों का उस प्रोग्राम में जरूर लाएं स्कूल में जब पैरंट्स मीटिंग होती है उस मीटिंग में जाकर देखें कि आपका बच्चा क्या रोजाना स्कूल जाता है। बेटियों का मां सही मार्गदर्शन करें मां और बेटी को सहेली का रिश्ता रखना चाहिए बेटी को अच्छे बुरे का ज्ञान मां को कराना चाहिए। कार्यक्रम में सुचेतना कार्यकर्ती निशा और स्वाति ने अपना पूरा सहयोग दिया।

# मातृ दिवस पर मेडिकल कैंप का किया आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आकृति सोसायटी द्वारा मातृ दिवस पर जजफार्म में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. जीएस तीतियाल, डॉ. विजय नेगी, डा. नीरज वाष्णेय, डा. अंजू द्वारा कैंप में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेडिकल स्टाफ में मोनिका, शिवानी, मुस्कान, ज्योति सिंह, कॉरपोरेट मैनेजर सहित मेडिकल की टीम उपस्थित रही। आकृति सोसायटी की अध्यक्षा कुसुम दिगारी ने सभी डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टाफ का आभार एवं धन्यवाद किया। मेडिकल कैम्प में सोसायटी के संरक्षक



भगवत सिंह बिस्ट,भगवती बिस्ट, उपाध्यक्ष गीता बिस्ट, ममता बिस्ट महामंत्री शर्मिला मित्रा, मीडिया प्रभारी हर्षवर्धन पांडे ने सहयोग किया। मेडिकल कैम्प का लाभ लेने स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के साथ दूर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित रहे।

# 'शिव' कृपा पर निर्भर भगत सिंह चौक का 'उद्धार'

## ❑ जवाबदेही तय करने से भाजपाइयों का परहेज, नई प्रतिमा का प्रस्ताव
## ❑ भगत सिंह चौक में पसरी गंदगी से शीघ्र निजात मिलने के आसार कम

-अर्श-

रूद्रपुर। शहर के भगत सिंह चौक और वहां एक अहाते में स्थापित अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का पुनरुद्धार रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा की कृपा से ही होगा ,लेकिन शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर यह विधायक- कृपा कब तक बरसेगी ? इस बारे में निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा




जा सकता। स्थानीय भाजपा नेताओं की माने तो स्थानीय भगत सिंह चौक का प्रस्तावित सौंदर्यीकरण विधायक निधि एवं नगर निगम के संयुक्त बजट ,जो तकरीबन बीस से पच्चीस लाख रुपए तक का हो सकता है । भाजपा नेताओं के अनुसार फिलहाल सारी प्रगति डिजाइनिंग फाइनल ना हो पाने के कारण रुकी हुई है। दिलचस्प बात तो







यह है कि अधिकांश भाजपा नेता भगत सिंह चौक की वर्तमान दुर्दशा और वहां व्याप्त गंदगी पर स्थानीय कार्यदाई संस्था नगर निगम की जवाबदेही तय करने के मसले पर साफ तौर पर कुछ भी कहने से परहेज करते हैं। भाजपा नेता केवल इतने से ही पूरी तरह संतुष्ट हैं कि स्थानीय भाजपा विधायक ने प्रस्तावित सौंदर्यीकरण की घोषणा कर उसका शिलान्यास कर दिया है।तथापि कुछेक भाजपाई नेताओं ने बड़ी साफगोई से यह स्वीकार किया कि निगम सीमा अंतर्गत समुचित साफ-सफाई का दायित्व नगर निगम का है और इस दायित्व का निर्वहन न कर पाने की स्थिति में वह जवाबदेही से बच नहींसकता। पूर्व प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य वेद ठुकराल ने भगत सिंह चौक की वर्तमान दुर्दशा पर 'उत्तरांचल दर्पण' से बातचीत करते हुए कहा कि शहर के भीतर साफ सफाई की व्यवस्था को चाक-चौबंद रखना नगर निगम की जिम्मेदारी है।साफ सफाई में अगर कहीं कोई कमी रह जाती है तो निगम को प्राथमिकता के आधार पर उसे दूर करना चाहिए। भगत सिंह चौक में विद्यमान वर्तमान विसंगति अधिक समय तक नहीं रहेगी। रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा एवं नगर निगम रूद्रपुर के संयुक्त सहयोग से भगत सिंह चौक का पूर्णतया कायाकल्प किया जाना है। शहीद भगत सिंह की नई प्रतिमा स्थापित किया जाना भी प्रस्तावित है। प्रतिमा की डिजाइनिंग आदि के बारे में विचार-विमर्श हो रहा है। दो-तीन माह के भीतर भगत सिंह चौक को एक नया लुक दे दिया जाएगा। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के दक्षिणी मंडल के महामंत्री सुनील ठुकराल 'मिक्की' ने बातचीत के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था को तो नगर निगम की जिम्मेदारी माना, मगर भगत सिंह चौक की वर्तमान दुर्दशा पर किसी को दोषी ठहराने से इंकार कर दिया। उनके अनुसार बिना मौका देखें वे किसी को इसके लिए किसी को उत्तरदाई नहीं ठहरा सकते। भगत सिंह चौक की स्थिति में तात्कालिक सुधार के संबंध में उन्होंने कहा कि वे इस मसले पर मेन बाजार पार्षद एवं नगर के मेयर से चर्चा कर साफ सफाई का समुचित प्रबंध शीघ्र अति शीघ्र कराने की कोशिश करेंगे। वही पूर्व जिला भाजपा महामंत्री भारत भूषण चुघ ने चर्चा के दौरान बताया कि भगत सिंह चौक के सौंदर्यीकरण की पूरी रूपरेखा तैयार की जा चुकी है । शिलान्यास भी किया जा चुका है। शीघ्र ही विधायक निधि से बजट निर्गत होगा तथा तय मानकों के अनुसार भगत सिंह चौक का सौंदर्यीकरण अमल में लाया जाएगा। इस मसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता हिमांशु शुक्ला ने कहा कि रुद्रपुर विधायक एवं मेयर के संयुक्त प्रयास से नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं के सुंदरीकरण का अभियान अति शीघ्र आरंभ होने वाला है। कुछ ही दिनों में सब कुछ ठीक हो जाएगा। बात पूर्व भाजपा नेता एवं समाजसेवी अजय तिवारी की करें तो उन्होंने भगत सिंह चौक पर स्थापित अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा की जर्जर अवस्था एवं वहां पसरी गंदगी के लिए कार्यदाई संस्था के साथ-साथ स्वयं को भी दोषी माना। उनके अनुसार शहीदों समुचित सम्मान सुनिश्चित करना पूरे देश की जिम्मेदारी है। अगर मेरे शहर में किसी शहीद को पर्याप्त आदर नहीं मिल रहा तो उसके लिए मैं भी जिम्मेदार हूं। शहीद के प्रतिमा स्थल की साफ सफाई के लिए वार्ड पार्षद एवं नगर निगम पर निर्भर रहना ठीक नहीं इसके लिए समाज का कोई भी तबका सामने आ सकता है। भगत सिंह चौक के आसपास के व्यापारी भाइयों को इस दिशा में इस दिशा में एक प्रेरणादायक पहल काफी पहले ही करनी चाहिए थी।

# वार्डों में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष घोषित किये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में आयोजित कार्यक्रम में महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा ने नगर निगम क्षेत्र के एक दर्जन वार्डों में यूथ कांग्रेस के अध्यक्षों की घोषणा की और दर्जनों युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर



उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा सहित यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक सौरभ राज बेहड़ और महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने नव मनोनीत यूथ कांग्रेस के वार्ड अध्यक्षों का स्वागत किया और उन्हें मनोनयन पत्र सौंपें। यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और इसे मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे ।श्रीमती शर्मा ने कहा कि जल्दी ही सभी 40 वार्डों में वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव में पार्टी को अधिक से अधिक लाभ मिल सके स यहां यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक सौरभ राज बेहड़ ने कहा कि रुद्रपुर में जल्दी ही यूथ कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े नेता शामिल रहेंगे। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश तनेजा ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी । इस अवसर पर महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा ने सभी युवाओं का आभार व्यक्त किया और कांग्रेस की मजबूती के लिए जी जान से जुट जाने का आव्हान किया।यहां उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामप्रसाद, कांग्रेस के प्रदेश संयोजक राघव सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर सुमित राय, निगम पार्षद मोनू निषाद, अशफाक अहमद, मोहन कुमार, रविंद्र गुप्ता, कमलेश गुप्ता, राजीव यादव, विकास सरकार सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाविप की प्रांतीय कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित करने के पश्चात वंदे मातरम के सामूहिक गान के साथ हुई। संचालन हल्द्वानी शाखा के सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल ने किया। कार्यक्रम का स्वागत भगवान सहाय अग्रवाल द्वारा शाखाओं की कार्यप्रणाली संचालन तथा शाखा अध्यक्षों व सचिवों के कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया । कार्यक्रम में उत्तराखंड पूर्व के 20 शाखाओं के 137 पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को तीन सत्रों में संपादित किया गया। इसके पश्चात सभी शाखाओं के पदाधिकारियों पर्यावरण नरेंद्र अरोरा, राष्ट्रीय प्रकल्प समिति सदस्य अजय अग्रवाल, रीजनल सचिव सेवा अजय विश्नोई, रीजनल सचिव संस्कार डॉ. विनय खुल्लर, रीजनल सचिव महिला एवं बाल संस्कार पाला मेहता द्वारा संबोधित किया गया । धन्यवाद ज्ञापन प्रांत की तरफ से सचिन अग्रवाल द्वारा तथा शाखा की तरफ से



उद्बोधन हल्द्वानी शाखा के अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज द्वारा किया गया। उसके पश्चात प्रथम सत्र का संचालन प्रांतीय महासचिव नरेश कंसल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा जो कि आगरा से पधारे थे के द्वारा परिषद के उद्देश्य, परिषद की संगठनात्मक व्यवस्था आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। संयुक्त रीजनल सचिव डॉ. नितिन दालभ, प्रकल्प सचिव का सामूहिक चर्चा जिसमें संगठन, प्रकल्प, वित्तीय व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास पर अलग-अलग चर्चा की गई। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य चिंतन का सत्र किया गया जिसमें सभी शाखा के पदाधिकारियों द्वारा सुझाव एवं जिज्ञासा का उत्तर क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल द्वारा दिया गया।कार्यक्रम में भूमेश अग्रवाल, गीतू केसरवानी, श्रीमती मीनू गुप्ता, शाखा संयोजिका डॉ निधि गुप्ता, हेमा बिष्ट, डॉ. मोनिका मित्तल, सौरभ अग्रवाल,एकता अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, श्रीमती शिखा अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मौर्य एकेडमी, एमिनिटी और वारियर्स अकादमी ने जीते मैच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के रुद्रपुर जोन में तीन मैच और काशीपुर जोन में दो मैच खेले गए।एमिनिटी स्कूल खेल मैदान में मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर और विश्वनाथ क्रिकेट अकादमी सितारगंज के मध्य मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी विश्वनाथ अकैडमी की पूरी टीम 29 ओवरों में 75 रनों पर ऑल आउट हो गई ।जिसमें सुभाष ने 24 , शुभांशु ने15 रनों का योगदान दिया। मौर्य अकादमी की तरफ से अमन खान ने 3 अर्जुन और माधव छावड़ा ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मौर्य क्रिकेट अकादमी की टीम ने 3 विकेट खोकर 76 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें प्रिंस कर ने 42 और विशेष ने 10 रनों का योगदान दिया । विश्वनाथ अकैडमी की तरफ से मोईन जिलानी ने 3 विकेट लिए। मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर ने यह मैच जीत कर कुल चार अंक प्राप्त कर लिए हैं और क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी कदम आगे बढ़ा लिए। वही एमेनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर चंडी क्रिकेट क्लब और एमिनिटी मदन लाल क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। चंडी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के खेल में 103 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें आशुतोष ने 18 गर्वित ने 14 ,सचिन ने 15 रनों का योगदान दिया । एमिनिटी एकेडमी की तरफ से निश्चय कांडपाल ने 4, पीयूष शर्मा और हिमांशु ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में एमिनिटी क्रिकेट अकादमी ने 3 विकेट पर 104 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें शशांक पंत ने 46, काव्य जोशी और वरदान ने 19-19 रनों का



योगदान दिया। चंडी क्लब की तरफ से हर्षदीप ,संस्कार श्रीवास्तव और अरमान अली ने 1-1 विकेट लिया। एमेनिटी ने यह मैच जीत कर 2 अंक के साथ 6 अंकों पर पहुंच गई है और क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।तीसरा मैच जैन ग्लोबल स्कूल में जेसीज क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर और वॉरियर्स क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर के मध्य खेला गया। जेसीज क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के खेल में मात्र 28 ओवर खेलते हुए 72 रनों पर ऑल आउट हो गई ।जिसमें रितेश कुमार ने 22, राहुल जोशी ने 17 रनों का योगदान दिया ।वॉरियर्स अकादमी की तरफ से मोहम्मद आमिर, दीपांशु और सोनू ने 2-2,शंकर ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी ने 2 विकेट पर 73 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें हार्दिक शुक्ला ने 41, विशाल ने 21रनो का योगदान दिया। वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 8 विकेट से जीत कर चार अंक प्राप्त कर लिए हैं और क्वार्टर फाइनल के लिए अपना दावेदारी मजबूत कर दी है।इन मैचो के अंपायर सत्येंद्र मिश्रा, रोहित चौहान, पंकज ,गौरव सरकार ,यादवेंद्र पवार, अभिषेक रहे तथा ऑनलाइन स्कोर विदिशा कर ,सूरज और अंकित द्वारा की गई। इस अवसर पर नूर आलम, बलवंत सिंह,इंद्र नील कर, अशोक जिंदल,सुनील यादव, राजेंद्र कुमार और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजक सचिव नूर आलम ने बताया कि कल अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच खेले जाएंगे जिसमें एमिनिटी मदन लाल क्रिकेट अकादमी में वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी और एमिनिटी स्पोर्ट्स अकादमी के मध्य, जैन ग्लोबल स्कूल में गुरुकुल किच्छा और एमिनिटी मदन लाल क्रिकेट अकादमी के मध्य तथा मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर में और रुद्र लायंस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर और जेसीज क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर के मध्य सुबह 8:00 बजे से मैच खेले जाएंगे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मतदाताओं का प्रभाव

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे हैरान करने वाले नहीं हैं। इसकी पृष्ठभूमि काफी पहले से बननी शुरू हो गई थी। इससे कांग्रेस को स्वाभाविक रूप से पुनर्जीवन मिला है। इसे लेकर वह काफी आशान्वित भी थी। सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत से कहीं अधिक सीटें उसे मिली हैं, इस तरह उसके भविष्य को लेकर फिलहाल कोई आशंका नहीं है। इन नतीजों का विश्लेषण कई लोग अगले साल होने वाले आम चुनाव पर पड़ने वाले असर के पैमाने के रूप में कर रहे हैं। मगर लोकतंत्र में हर चुनाव की स्थितियां भिन्न होती हैं और उन्हें परस्पर जोड़ कर देखना कई बार धोखादेह साबित हो सकता है। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कर्नाटक चुनाव परिणाम भाजपा के लिए खतरे की घंटी की तरह आए हैं। उसने चुनाव प्रचार में अपनी सारी ताकत झोंक दी थी, मतदाताओं को अपनी तरफ खींचने का हर तरीका आजमाने की कोशिश की, मगर कामयाब नहीं हो पाई, तो उसकी वजहें भी साफ हैं। दरअसल लोगों ने पहले ही मन बना लिया था कि भाजपा को सत्ता में नहीं आने देना है। जब मतदाता का ऐसा रुझान होता है, तो राजनीतिक दल चाहे, जितने भी तरीके आजमा लें, जितनी भी ताकत झोंक लें, उन्हें कामयाबी नहीं मिल पाती। हिमाचल प्रदेश में भी यही हुआ। दरअसल कर्नाटक में भाजपा सरकार के कामकाज को लेकर लोग खुश नहीं थे। सबसे अधिक नाराजगी भ्रष्टाचार की वजह से थी। चालीस प्रतिशत कमीशन की सरकार का जुमला उस पर काफी भारी पड़ा। सत्तापक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त पाए गए थे। फिर बेरोजगारी और महंगाई का मुद्दा भी भाजपा के खिलाफ गया। ये कुछ दाग ऐसे थे, जिन्हें धोना भाजपा के लिए आसान नहीं था, इसलिए उसने विकास का मुद्दा उठाया ही नहीं, जिसका बखान वह दूसरे राज्यों के चुनाव में करती रहती है। धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने का प्रयास करती रही, जो उसके खिलाफ ही गया। इसके उलट कांग्रेस बुनियादी और स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रही। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समय ही कर्नाटक के लोगों का रुझान पता चल गया था। फिर सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार जैसे कद्दावर नेताओं ने संगठित होकर जिस तरह काम किया, उसका प्रभाव पड़ा और कांग्रेस को उसका लाभ मिला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का प्रभाव भी काम आया। इसके उलट, भाजपा में शुरू से ही असंतोष नजर आने लगा था। उसके कई वरिष्ठ नेता चुनाव के समय पार्टी छोड़ गए। हालांकि कुछ लोग इन नतीजों को जातीय समीकरण के आधार पर हल करते देखे जा रहे हैं, मगर इसमें जद (सेकु) की फजीहत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कांग्रेस को सभी समुदायों का मत मिला। इस तरह स्पष्ट है कि कर्नाटक में कांग्रेस ने फिर से अपनी पुरानी जमीन वापस पाने में कामयाबी हासिल की है। उसे न केवल अल्पसंख्यकों, बल्कि अन्य पिछड़ी जातियों और दलित वर्ग का भी समर्थन हासिल हुआ है। इस नतीजे के पीछे केंद्र सरकार की नीतियों और कामकाज का असर भी देखा जा सकता है। इसलिए कई लोग इसके आधार पर आगामी आम चुनावों का आकलन कर रहे हैं। मगर कर्नाटक जैसी स्थितियां हर राज्य में नहीं हो सकतीं और न वैसा मिजाज हर राज्य के मतदाता का हो सकता है। उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा पर लोगों का अब भी भरोसा बना नजर आया है। पर स्पष्ट है कि भाजपा के लिए अब पहले की अतिउत्साह का समय नहीं रह गया है।

# तकनीकी और विज्ञान ने दूरसंचार के अनेक साधन उपलब्ध कराएं

## 17 मई विश्व दूरसंचार दिवस पर विशेष

सत्रह मई को पूरी दुनिया में हर साल दूरसंचार दिवस मनाया जाता है। दूरसंचार दिवस को साल 2005 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व सूचना समाज दिवस के रूप में घोषित किया। इसके बाद से ही सत्रह मई को विश्व दूरसंचार और सूचना सोसायटी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। विश्व दूरसंचार दिवस पहली बार 1969 में मनाया गया था। आइए आज इस खास मौके पर इस दिवस के बारे में कुछ खास बाते जानते हैं। पहले अंतर्राष्ट्रीय टेलीग्राफ कन्वेंशन के हस्ताक्षर की वर्षगांठ भी सत्रह मई को ही पड़ता है। खास बात यह है कि यूएन ने जब विश्व दूरसंचार दिवस की घोषणा की, तो उस दिन भी सत्रह मई ही थी। 2006 नवम्बर में, तुर्की के अंताल्या में आईटीयू प्लेनिपोटेंटरी सम्मेलन ने सत्रह मई को दोनों विश्व दूरसंचार और सूचना दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया और तब विश्व दूरसंचार दिवस की घोषणा हुई, तो उस दिन भी सत्रह मई ही थी। विश्व दूरसंचार दिवस पूरी दुनिया में इंटरनेट और संचार के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। विश्व संचार दिवस का मकसद वैश्विक स्तर पर टेक्नोलॉजी और इंटरनेट के बारे में सकारात्मकता फैलाना है। विश्व दूरसंचार दिवस का उद्देश्य सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सूचना और संचार दोनों को आसानी से सुलभ बनाना है। वर्ष 2020 को 5जी का साल कहा गया है। लेकिन कोरोना ने इस पर ब्रेक लगा दिया इसलिए इसे कुछ आगे बढ़ाया गया है। अब हालांकि 5जी नेटवर्क के इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी बदलाव देखने को मिला है। और आने वाले समय में इसमें काफी विकास होगा। भविष्यवाणी की गई है कि 2020 में दुनियाभर में 5जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर रेवेन्यू 4.2 बिलियन डॉलर को छू जाएगा, जो 89 प्रतिशत की साल-दर-साल की वृद्धि दर्ज करेगा। क्लाउड कम्यूनिकेशन: 2020 में, क्लाउड कंम्यूनिकेशन पर होने वाला खर्च कुल तकनीक पर होने वाले खर्च का सत्तर फीसदी है। 2025 तक दुनिया भर में लगभग अस्सी फीसदी व्यवसाय क्लाउड कम्यूनिकेशन पर निर्भर होंगे। खास बात यह है कि कोरोना महामारी ने इसकी योजनाओं पर कुछ व्यवधान तो जरूर डाला पर इसके विकास को और तेज कर दिया है। डाटा एंड इंफ्रास्ट्रक्चर: डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट ने टेक्नोलॉजी को ऊपर ले जाने में काफी मदद की है। विश्व दूरसंचार अंतर्राष्ट्रीय दिवस और सप्ताह दरअसल जनता को दुनिया भर के समस्या और सुधार के मुद्दों पर शिक्षित करने, वैश्विक समस्याओं को दूर करने के लिए राजनीतिक इच्छा शक्ति और संसाधनों को जुटाने और मानवता की उपलब्धियों का जश्न मनाने और सुदृढ़ करने के अवसर हैं। ये अवसर संयुक्त राष्ट्र की स्थापना से पहले का है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने उन्हें एक शक्तिशाली वकालत उपकरण के रूप में अपनाया है। हम अन्य संयुक्त राष्ट्र के पालनों को भी चिह्नित करते हैं।एक दूरी पर संचारित करने के लिए संदेश संकेतों की आवश्यकता होती है, और हम इस प्रक्रिया को दूरसंचार के रूप में जानते हैं। इससे पहले, दूर-दराज के लोगों को संदेशों को संवाद करने के लिए चिट्ठी, ड्रम, सेमफोर, झंडे या हेलीओग्राफ का उपयोग किया जाता था। आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ दूरसंचार के लिए टेलीफोन, टेलीविजन, रेडियो या कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग आम हो गया है। विश्व दूरसंचार दिवस को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ घ्की स्थापना की सालगिरह के रूप में भी चिह्नित किया जाता है। जिसे 1865 में शुरू किया गया था और पूरे विश्व में सत्रह मई को विश्व दूरसंचार दिवस मनाया जाता है। भारत में संचार के रुप में टेलिफोन की शुरुआत 1880 में हुई जब दो टेलीफोन कंपनियों द ओरिएंटल टेलिफोन कंपनी लिमिटेड और एंग्लो इंडियन टेलीफोन कंपनी लिमिटेड ने भारत में टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना करने के लिए भारत सरकार से संपर्क किया। इस अनुमति को इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया कि टेलीफोन की स्थापना करना सरकार का एकाधिकार था। और सरकार खुद यह काम शुरू करेगी। 1881 में सरकार ने अपने पहले के फैसले के खिलाफ जाकर इंग्लैंड की ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी लिमिटेड को कोलकाता, मुंबई, मद्रास (चेन्नई) और अहमदाबाद में टेलीफोन एक्सचेंज खोलने के लिए लाइसेंस दिया। इससे 1881 में देश में पहली औपचारिक टेलीफोन सेवा की स्थापना हुई। विश्व दूरसंचार दिवस वास्तव में राष्ट्रीय नीतियों को बढ़ाने, तकनीकी मतभेदों को भरने, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, सिस्टम की वैश्विक अंत:क्रियाशीलता को बढ़ावा देने के लिए भी और इसके साथ ही इंटरनेट, टेलीविजन, फोनदेश में पहली औपचारिक टेलीफोन सेवा की स्थापना भी हुई। विश्व दूरसंचार दिवस राष्ट्रीय नीतियों को बढ़ाने, तकनीकी मतभेदों को भरने, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, सिस्टम की वैश्विक अंत:क्रियाशीलता को बढ़ावा देने और इंटरनेट, टेलीविजन, फोन इत्यादि के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भौतिक दूरी पर नियंत्रण करने के लिए केंद्रित है। आज संचार के कारण दो लोगों के बीच की दूरी कम हो पाई है। पहले लोग एक-दूसरे से बात किए बिना एवं उन्हें देखे बिना सालों तक दूर रहते थे किन्तु आज सूचना क्रांति के कारण उनकी दूरी एक क्षणभर की रह गई है। इंटरनेट की तेजी, मोबाईल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप इत्यादि के जरिए जिन लोगों से मुलाकात किए सालों बीत जाते थे ,आज उनसे रोज बाते की जा सकती है। व्यक्ति के विकास में भी दूरसंचार ने अहम भूमिका निभाई है। आज कोई भी व्यक्ति इंटरनेट के जरिए अपनी शिक्षा ग्रहण कर सकता है। अपनी बात दूसरों तक आसानी से पहुंचा सकता है। आज शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति लाने का श्रेय भी दूरसंचार तकनीक को ही जाता है। आज के समय में थ्री जी, फोर जी और कई देशों में फाइव जी के आ जाने से संचार के क्षेत्र मे क्रांति आई है। इस तकनीक ने मोबाइल की दुनिया को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। थ्री जी फोन सबसे पहले 2001 में जापान में लांच किया गया था। थ्री जी तकनीक के मोबाइल की सबसे बड़ी खासियत इसकी स्पीड है। लेकिन आज दुनिया भर में थ्रीजी की तेजी के टक्कर देने के लिए फोर जी, फाइव जी मोबाइल इंटरनेट आ गए हैं। जो एक सेंकेड से भी कम समय में आपके संदेश को एक देश से दूसरे देश पहुंचा देते हैं। तकनीकी के आ जाने से आज सूचना पहुंचाना सबसे असान कार्य हो गया है। सूचना केवल पृथ्वी पर ही नहीं बल्कि अब तो अंतरिक्ष और अन्य ग्रहों के जरिए भी सूचना का आदान प्रदान संभव हो गया है।

**- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# श्री हेमकुण्ड साहिब में जमी है आठ फीट बर्फ

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गोविन्दघाट से श्री हेमकुण्ड साहिब तक किया स्थलीय निरीक्षण

चमोली(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी श्री हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक श्री प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा हेमकुण्ड साहिब के कपाट खुलने से पूर्व गोविन्दघाट से श्री हेमकुण्ड साहिब तक 18 किलोमीटर पैदल चलकर सम्पूर्ण एवं पुलिस अधीक्षक चमोली महोदय द्वारा यात्रा मार्ग पर तमाम व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को यात्रा स पूर्व चौक-चौबंध करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्पूर्ण निर्गत किये। श्री हेमकुण्ड साहिब की सकुशल यात्रा एवं यात्रियों की सहायता के लिए भ्यूंडार में अस्थाई पुलिस चौकी एवं घाँघरिया में सीजनल पुलिस चौकी स्थापित की गई हैं। जिसमें पर्याप्त पुलिस बल एवं एसडीआरएफ मौजूद रहेगी। एसडीआरएफ व स्थानीय पुलिस टीमें तैनात की रहेगी। एसडीआरएफ की टीम को प्रतिदिन घाँघरिया से हेमकुंड साहिब तक हिम प्रभावित यात्रा मार्ग की मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। थानाध्यक्ष गोविन्दघाट को सभी किराए से अधिक ना वसूलने एवं अनिवार्य रुप से होटल एवं ढाबों में रेट लिस्ट लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत यात्रियों को एक दिन में निर्धारित सीमा में ही गोविन्दघाट से श्री हेमकुण्ड साहिब के लिए रवाना किया डयूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतने, यात्रियों की सहायता हेतु तत्पर रहने व श्रद्धालुओं के साथ मित्रतापूर्वक व्यवहार रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक चमोली







यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सिक्खों के पवित्र धाम श्री हेमकुण्ड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए 20 मई को दर्शनार्थ हेतु खोले जायेगें। यात्रा मार्ग पर अभी भी 8 फीट तक बर्फ जमी है। जिलाधिकारी चमोली यात्रा मार्ग में सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पायी गयी कमियों को समय से दूर करने व यात्रा मार्ग पर नियुक्त सम्पूर्ण पुलिस कर्मियों, एसडीआरएफ एवं थानाध्यक्ष गोविन्दघाट को ब्रीफ करदिशा निर्देश सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु पुलिस चौकियों में रेडियो स्टैटिक सैट एवं श्री हेमकुण्ड साहिब यात्रा रुट पर पुलिसकर्मी वायरलैस हैण्डसैट के साथ ड्यूटी करेंगे। पैदल मार्ग पर भू-स्खलन व हिमस्खलन सम्भावित क्षेत्र एवं सँकरे स्थानों पर घोड़ा-खच्चर स्वामियों एवं होटल कर्मियों के सत्यापन अनिवार्य रुप से कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों, होटल स्वामियों व घोड़ा- खच्चर स्वामियों की गोष्ठी आयोजित कर यात्रियों से निर्धारित जाएगा। घाँघरिया में सीजनल पुलिस चौकी का निरीक्षण करते हुए महोदय द्वारा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नरेन्द्र कोठियाल को शौचालय, पानी, भोजनालय आदि व्यवस्थायें समय से पूर्ण करने के निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रमोद शाह, डीएफओ भारत भूषण मार्तोलिया, गोविन्दघाट गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह,थानाध्यक्ष गोविन्दघाट नरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी घांघरिया उनि नरेन्द्र कोटियाल एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। एनएसयूआई के नवागत प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के जिला भ्रमण पर आने पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में फूल मालाओं से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।प्रथम बार बागेश्वर आगमन पर उन्होंने एनएसयूआई



कार्यकर्ताओं की बैठक ली,बैठक में कांग्रेस,यूथ कांग्रेस ,महिला कांग्रेस, सेवादल, एससीएसटी प्रकोष्ठ किसान प्रकोष्ठ, विधिप्रकोष्ठ,व्यापार प्रकोष्ठ,खेल प्रकोष्ठ के सभी पधाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने सभी कार्यकर्ताओ को संगठन हित के लिए एकजुट होकर सभी इकाइयों की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की, वही पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए युवाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाने,आने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी मेहनत और डोर टू डोर कम्पेनिंग से कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने,छात्र हितों के लिए लगातार संघर्ष जारी रखने की अपील की। वही एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि पूरे प्रदेश में जल्द ही जिलाध्यक्ष व प्रदेश कमेटी की नियुक्ति होनी है, जल्द ही प्रदेश में उग्र जनआंदोलन करेगी और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा घेराव करेंगे।नेगी ने बताया कि छात्र संगठन को मजबूत करने के लिए मिले दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर युवाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा, वही जल्द सभी वरिस्ठजनों के सहयोग से जिला इकाई का गठन भी किया जाएगा।इस दौरान महिला जिलाध्यक्ष गोपा धपोला,रंजीत दास, राजेन्द्र टँगड़िया, नगर अध्यक्ष सुनील पांडे, राजेन्द्र परिहार,देवेंद्र परिहार, युकांजिलाध्यक्ष गोकुलपरिहार, दर्शन जोशी छात्र संघ कोषाध्यक्ष,रोहित खैर, संजय जोशी,रिजवान खान, खालिद हुसैन, अनवर,फिरोज खान, ललित गोस्वामी, गैरीपरिहार, प्रकाश वाचमी, गोविंद चंदोला,कमल कोहली, संस्कार भारती आदि मौजूद रहे।

# इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना मदर्स डे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की चेयरपर्सन डा0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्य श्रीमती ममता तनेजा और समन्वयक श्रीमती प्रियंका शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में यू0के0जी0 के विद्यार्थियों द्वारा मां की ममता को समर्पित 'माई तेरी चुनरिया लहराए' और मेरी प्यारी अम्मी पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी श्रृंखला में एल0के0जी0 के विद्यार्थियों द्वारा 'मैं तेरा लाडला' गीत पर और 'नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा 'इत्ती सी खुशी' गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने अपनी उत्साह भरी प्रस्तुतियों से सभी माताओं के दिलों को छू लिया। कार्यक्रम मे माताओं के लिए भी मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। उनमें कुछ खेल इस प्रकार हैं- म्यूजिकल रिंग, पजल गेम, पिन चेन, अल्फाबेट्स और नॉट दा टाई जिसमे प्रथम स्थान पर इंदू कठायत, ममता जोशी, कविता राज तथा शिखा बन्ना द्वितीय स्थान पर भावना चंद, भावना बेलवाल, तृप्ती पुरस्कृत किया।इस उपलक्ष्य में मैरिट होल्डर विद्यार्थियों को विद्यालय की चेयरपर्सन डा0 गीतिका बल्यूटिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीता राठौर और



और मिनाक्षी बिष्ट तृतीय स्थान पर अनामिका चंद और सुनीता रावत रही। विद्यालय की चेयरपर्सन डा0 गीतिका बल्यूटिया ने सभी विजेताओं को कविता बिष्ट द्वारा किया गया। अंत में श्रीमती प्रियंका शर्मा ने उपस्थित माताओं का आभार व्यक्त किया और उन्हें मातृ-दिवस की हार्दिक शुभकामनाए दी।

# जैन ग्लोबल स्कूल में मदर्स डे का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जैन ग्लोबल स्कूल में मदर्स डे का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया । ट्यूलिप एक से चार तक के छात्र-छात्राओं तथा उनकी मातृ अभिभावकों ने रैंप वॉक, ब्लाइंड फोल्ड गेम्स, ब्लो द एंड बर्स्ट, मेक पिरामेंट विद डिस्पोजेबल ग्लासेस एंड बलूंस प्रतियोगिताओं में



उत्साह पूर्वक भाग लिया । कक्षा एक से लेकर कक्षा पाँच तक के छात्रों तथा उनके मातृ अभिभावक ने बुकमार्क, तियारा मेकिंग, हैंड पेंटेड कविता तथा ब्यूटीफुल मेमोरी इंसीडेंट विद मॉम ऑन ए कार्ड विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लिया । शिक्षिकाओं ने मातृ अभिभावकों से रोचक प्रश्न पूछे। मदर्स डे के उपलक्ष्य में शाखा प्रबंधक श्रीमती हर्षिता जैन ,श्रीमती अंकिता जैन तथा श्रीमती ज्योति छाबड़ा भी उपस्थित रहीं।

# केंटर से टकराकर बाईक सवार गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आज दोपहर बरेली रोड में मंडी के पास स्थित होंडा शोरूम के समीप बाइक सवार एक व्यक्ति हार्डवेयर की दुकान के सामने माल लादने के लिए लगाए जा रहे डीसीएम गाड़ी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मंडी पुलिस चौकी मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार आज दोपहर बनभूलपुरा लाइन नंबर 16 निवासी अनीस अहमद अपनी बाइक से मंडी की ओर से मंगल पड़ाव आ रहा था। होंडा शोरूम के ठीक सामने



एक हार्डवेयर की दुकान के सामने डीसीएम संख्या यूके 05 सी ए 1438 का चालक लक्ष्मण सिंह गाड़ी को दुकान की तरफ लगाने की कोशिश में बीच सड़क पर ले आया। इसी दौरान अनीस की बाइक डीसीएम से टकरा गयी और वह लहुलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके मार पहुंची पुलिस ने बाइक और डीसीएम वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना की जानकारी मिलने पर घायल के परिजन भी वहां आ गए।

# स्पीकर ऋतु खंडूरी ने कैबिनेट मंत्री के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रदेश के दिवंगत कैबिनेट मंत्री स्व.चंदन राम दास के निधन के बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी देहरादून से हेलीकॉप्टर से बागेश्वर पहुँची। जिसके बाद वह स्व.दास के आवास पहुँची, और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्व दास की पत्नी, बेटे गौरव,और भास्कर दास से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया और हालचाल जाना। उन्होंने राजनीति में रहते उनकी



कार्यशैली की प्रशंसा की, उन्हें मृदुभाषी और सरल हृदय,आमजन के हितों के लिए कार्य करने वाला राजनेता बताया। विस स्पीकर ने विधानसभा सत्र में उनके द्वारा उठाए जाने वाले सवालों से हर किसी को प्रभावित करने की शैली को अतुलनीय बताया, कहा कि सरकार से जो भी मदद होगी वह करवाई जाएगी।वही परिवारजनों को उनके अधूरे रहे विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए भी सरकार से सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाधिकारी अनुराधा पाल, जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण,वरिष्ठ भाजपा नेता और चमोली जिला प्रभारी एड.कुंदन सिंह परिहार,जिला महामंत्री सजंय परिहार,उपजिलाधिकारी हरगिरि,मोनिका सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा के पास जुमलों की किताब के अलावा कुछ नहीं: अरूण चौहान

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव अरुण चौहान ने कर्नाटक की जीत को विकास की जीत बताया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम



से अरुण चौहान ने कर्नाटक की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि उसने भाजपा को जवाब देकर यह संदेश दिया है कि कोई भी इनके बहकावे में न आये। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण चौहान ने कहा कि आज पूरे देश में बढ़ती महंगाई से जनता कराह रही है। युवा रोजगार के लिए तरस रहे हैं। कांग्रेस के पास ठोस नीतियां हैं, जबकि भाजपा के पास जुमलों की किताब के अलावा कुछ भी नहीं है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा का यही हश्र होगा।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड को करेंगे...**रही है। हाल ही में जी-20 की बैठक ने विश्व पटल पर उत्तराखण्ड का नाम रोशन हुआ है। आज भाजपा के राज में हमारी संस्कृति और सभ्यता को भी बढ़ावा मिल रहा है। आज ऐसी नींव मजबूत बन रही है जो भारत को विश्व गुरू बनायेगी। संस्कृति को बचाने के लिए धर्मांतरण कानून लाया गया है। लैंड जिहाद लव जिहाद के खिलाफ भी सरकार कड़े कदम उठाने जा रही है। अतिक्रमण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जब तक उत्तराखण्ड को अतिक्रमण मुक्त नहीं करेंगे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि आज यहां कार्यालय की नींव पढ़ी है इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं छह माह के अंदर इसका निर्माण पूरा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय पार्टी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। यह महज कार्यालय नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं का घर होता है। यह कार्यालय सभी सुविधाओं से सुसज्जित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार ने वो काम किये हैं जिसकी जनता ने कल्पना भी नहीं की थी। नकल विरोधी कानून जैसा कानून बनाकर सरकार ने अपनी मजबूत इच्छा शक्ति का परिचय दिया है। इसके अलावा कई ऐतिहासिक निर्णय धामी सरकार ने लिये हैं। जिसकी बदौलत यूपी की तरह आगामी निकाय चुनाव में उत्तरखण्ड की भी मेयर की सभी सीटें भाजपा जीतेगी। इससे पूर्व केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा एकमात्र पार्टी है जिसके पास कार्यालय हैं कार्यक्रम हैं और कार्यकर्ता हैं। किसी भी संगठन को चलाने के लिए ये तीनों चीजें जरूरी हैं। जिस तरह से यहां कार्यालय खुल रहा है उसी तरह कई राज्यों में खुल चुके हैं। श्री भट्ट ने कहा कि हमने काशीपुर को संगठन के स्तर पर प्रथक जिला घोषित किया है, इसी लिए यहां पर जिला स्तर का कार्यालय खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने में यह कार्यालय अहम भूमिका निभायेगा। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, आदित्य कोठारी, जिला प्रभारी सुरेश भट्ट, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, गदरपुर विधायक अरविंद पाण्डे,आशीष गुप्ता,मेयर उषा चौधरी, गुरविंदर चण्डोक, हरभजन सिंह चीमा, राम मेहरोत्रा, रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा, राजकुमार चौहान, बलकार सिंह, कमल भट्ट, राजकुमार समेत तमाम लोग मौजूद थे।

**कार और होटल में...**जिस कारण यहां का माहौल काफी गंदा हो रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए बसंती आर्य द्वारा भूपेंद्र सिंह भंडारी पुलिस उपाधीक्षक बाजपुर को सूचित किया गया और पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम व बाजपुर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से होटल में छापेमारी की गई तो छापेमारी के दौरान होटल के एक कमरे से नाबालिक छात्रा और एक युवक आपत्तिजनक स्थिति में मिले । कस्टमर एंट्री रजिस्टर चेक करने पर रजिस्टर में बिना आईडी प्रूफ लिए बिना एंट्री के दोनों को रखा जाना पाया गया । पूछताछ पर नाबालिग बालिका के बैग से स्कूल की 1 जोड़ी ड्रेस व नोटबुक आदि बरामद हुए। छात्रा द्वारा बताया गया कि वह कक्षा 12 में अध्ययनरत है। घर से स्कूल आते जाते मोहम्मद मोनिश कई समय से उसके साथ दोस्ती करने का दबाव बना रहा था । मना करने पर मोहम्मद मोनिश द्वारा स्कूल छोड़ने की बात कहकर जबरदस्ती उसे अपनी कार बोलेरो मैं बैठा लिया और कार में नाबालिग बालिका के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया और उसे डरा धमकाकर केहालो होटल बाजपुर में ले गया वहा होटल संचालको से मिलकर कमरा लेकर युवती को कमरे में ले गया जहां उसकी अश्लील वीडियो बना ली गई उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया । मना करने पर वीडियो को वायरल करने की धमकी दी गई। होटल संचालक प्रीतपाल सिंह व परमिंदर सिंह से पूछताछ पर बताया कि बिना आईडी के कमरा देने और उनके साथ आए युवती के नाम की इंट्री में बिना किए कमरा देने पर कस्टमर से 500 से 1000 रुपए तक कमीशन लेते है। जिस कारण कस्टमर एंट्री रजिस्टर में बिना युवती का नाम एंट्री के बिना आईडी के कमरा दिया जाना बताया गया। होटल संचालकों द्वारा नाबालिग को बिना आईडी प्रूफ लिए व बिना एंट्री किए होटल में कमरा देने और उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने के जुर्म में होटल संचालक सहित 03 व्यक्तियों को मौके पर गिरफ्तार कर नाबालिक को परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस मामले में थाना बाजपुर में आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें मोहम्मद मोनिश पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी मुंडिया पिस्तौल ईदगाह बाजपुर, होटल संचालक परमिंदर सिंह पुत्र मनजीत सिंह निवासी केहलो होटल बाजपुर तथा प्रितपाल सिंह पुत्र रविंद्र सिंह निवासी वार्ड नंबर 1 जसपुर खुर्द काशीपुर शामिल हैं। उनके पास से तीन मोबाईल, 4300 रूपये नगद, एक कार, सहित अन्य सामान बरामद किया गया।

**मुख्यमंत्री सेकी काशीपुर को...**शर्मा , आय व्यय निरीक्षक भास्कर त्यागी, कोषाध्यक्ष सनत पैगिया, प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा,राम कुंवर चौहान, कश्मीर सिंह,सोनू चंद्रा, अमन राणा, महेंद्र चौहान, आदि लोग उपस्थित थे। वहीं जनजीवन उत्थान समिति द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के काशीपुर आगमन पर मुख्यमंत्री से काशीपुर को जिला बनाए जाने की मांग की गई ।समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि काशीपुर जिले की मांग भारतवर्ष की सबसे पुरानी मांग है और देश के आजादी के बाद विभिन्न सरकारों के मुखिया काशीपुर को जिला बनाए जाने का आश्वासन दिया समय-समय पर काशीपुर ,जसपुर, एवं बाजपुर क्षेत्र की जनता ने जन आंदोलन किया तथा जन आंदोलन को बार-बार सरकारों के आश्वासन पर अपना आंदोलन समाप्त करना पड़ा यहां तक कि कुछ वर्ष पहले कई जिला आंदोलनकारी जेल गए तथा उन पर मुकदमा चला जिनको बाद में न्यायालय द्वारा दोषमुक्त कर दिया गया। आज जब जनमानस को यह पता लगा हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री आज अपनी पार्टी का काशीपुर जिला कार्यालय के भूमि पूजन में आ रहे हैं तो आभास हुआ काशीपुर जिला घोषित होने के करीब है। समिति उत्तराखंड सरकार से आग्रह करती है कि काशीपुर को शीघ्र जिला घोषित कर यहां की जनमानस की बरसों पुरानी मांग को पूरा किया जाएगा। मांग करने वालों में समिति अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी एडवोकेट, सैयद आसिफ अली ,देवांग मिश्रा ,रहीस अहमद, अमृतपाल, राम ,अंकित चौधरी, सीमां शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

**फैक्ट्री में ...**ने कहा है कि 14 मई को उसकी ड्यूटी रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक थी । सुबह करीब 4 बजे वह अपने गार्ड अर्जुन सिंह व रामनारायण के साथ कंपनी परिसर में गश्त पर था । देखा कि दो लड़के कंपनी के अंदर से कुछ सामान कंपनी की बाउंड्री से बाहर को फेंक रहे थे । दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया । इन्होने अपना नाम मोहित पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम पहरापुर थाना हाफिजगंज बरेली तथा सोनू गंगवार पुत्र महेन्द्र पाल गंगवार निवासी ग्राम कोडमपुर निकट भोजीपुरा बरेली बताया । उनके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टो को खोलकर देखा तो मोहित के कट्टे में कुल 3 वाहन पार्ट ब्रेक बूस्टर तथा सोनू के कट्टे में 4 इंजन पार्ट रखे मिले । दोनो ने बताया कि उन्हें ये पार्ट्स कंपनी में काम करने वाले व्यक्ति ने दिए थे । जिन्हें वो दोनो कंपनी की बाउण्ड्री से बाहर फेंक रहे थे। सुपरवाईजर का कहना है पकडे गए दोनो लडके अशोक लीलेन्ड कंपनी में हाल ही में काम करने आए थे जिनका आज डयूटी भी नही थी। किन्तु दोनो लडके आज रात के अंधेरे में कंपनी की बाउण्ड्री फांदकर कंपनी में घुसे तथा पार्ट्स को कंपनी की बाउण्ड्री के बाहर फेंक रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**ऑनलाईन जॉब के नाम....**के लिये इन्वेस्ट कर दिये । लेकिन उसके पैसे वापस नही आये और न ही कोई बोनस मिला । उन लोगों से मोबाईल पर सम्पर्क करने उनके द्वारा और पैसे इन्वेस्ट करने को कहा गया और बताया गया कि सिक्योरिटी फीस जमा करो तभी पैसा वापस मिलेगा । तब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ आनलाईन धोखाधड़ी हो गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चरसके साथ...**अवैध चरस तथा 12200 रुपए की नगदी के गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में श्रीमती संगीता क्षेत्राधिकारी लालकुआँ, कोतवाल डी आर वर्मा, उनि रजनी आर्या, कानि0 आनन्दपुरी, चन्द्रशेखर, महिला कानि0 प्रियंका शाही व माया बिष्ट शामिल थे। सीओ संगीता ने बताया कि गिरफ्तार महिला नशा तस्कर कलावती अपने पुत्र के साथ मिलकर नशे का अवैध कारोबार करती थी। उसके पुत्र को पूर्व में नशा तस्करी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING PVT. LTD.
PROJECT APPROVED PROJECT
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर
86501-18000